1	2	3
		10. वारांग 11. जांगी 12. पांगी
	2. लाहौल स्पीती	1. काज़ा 2. ताबू 3. त्रिलोक नाथ 4. टिण्डी
	3. चम्बा	1. होली 2. सुवाई 3. सामरा 4. लामू 5. देवल

स्मारक डाक-टिकट जारी किया जाना

2759. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **संचार** मंत्री 28 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं० 1935 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रसिद्ध हिन्दी लेखक, वृन्दावन लाल वर्मा तथा राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह के नाम पर स्मारक डाक-टिकट जारी करने के कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं ;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं ;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) जी हां।

(ख) प्रस्तावों को फिलैटलिक सलाहकार समिति के विचारार्थ रखा गया है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य द्वारा स्थगन आदेश प्राप्त किया जाना

2760. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ स्थानों का टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्यों ने उन्हें पद से हटाये जाने के विरुद्ध न्यायालय स्थगन आदेश प्राप्त कर लिये हैं; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) जी हां।

(ख) पहले गठित की गई टेलीफोन सलाहकार समितियों पर इलाहाबाद, मेरठ, लखनऊ और बेंगलूर में जून, 1991 के दौरान कार्रवाई मुल्तवी कर दी गई थी । इन समितियों के कुछ सदस्यों ने उन्हें हटाए जाने के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालयों से स्थगन आदेश प्राप्त किए।

दूरसंचार विभाग इन स्थगन आदेशों को समाप्त करने के संबंध में कार्रवाई कर रहा है।